# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–12 जुलाई 2025** **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि रोजगार मेला युवाओं को सशक्त बनाने और विकसित भारत के निर्माण में उनका सक्रिय सहयोग लेने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों में इक्यावन हजार से ज्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद रोजगार मेले को सम्बोधित कर रहे थे। यह सोलहवां रोजगार मेला देश भर में आज सैंतालीस स्थानों पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकारी विभागों में नवनियुक्त युवा राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

**रोजगार मेलों के माध्यम से अब तक लाखों नौजवानों को भारत सरकार में परमानेंट जॉब मिल चुकी है। आज भी आप में से कई ने भारतीय रेल में अपने दायित्वों की शुरुआत की है कई साथी अब देश की सुरक्षा के भी प्रहरी बनेंगे, कुछ साथी हेल्प फॉर ऑल मिशन के सिपाही होंगे और बहुत से साथी भारत के औद्योगिक विकास को नई रफ्तार देंगे।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि स्टार्टअप देश के युवाओं की क्षमता को बढ़ा रहा है। उन्होंने हाल ही में मंजूर की गई निजी क्षेत्र में रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना का भी उल्लेख किया और कहा कि इस पहल से साढे तीन करोड़ रोजगार सृजित करने में मदद मिलेगी।

प्रधानमंत्री ने देश में रक्षा उत्पादन की भी चर्चा की और कहा कि देश रक्षा विनिर्माण में नए कीर्तिमान बना रहा है।

**लोकोमोटिव हो, रेल कोच हो, आज भारत इनका दुनिया के कई देशों में एक्सपोर्ट कर रहा है हमारा ऑटोमोबाइल सेक्टर भी अभूतपूर्व ग्रोथ कर रहा है। बीते 5 साल में ही इस सेक्टर में करीब 40 बिलियन डॉलर का एफडीआई आया है।**

इस अवसर पर लखनऊ, झांसी और वाराणसी में भी रोजगार मेले के दौरान नवनियुक्त युवकों को नियुक्ति पत्र बांटे गए। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लखनऊ में, केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने झांसी में और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने वाराणसी में आयोजित मेले में हिस्सा लिया। इस दौरान प्रधानमंत्री के सम्बोधन का सीधा प्रसारण भी किया गया।

**********

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज लखनऊ में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित प्रबुद्ध जन संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लिया। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने बताया कि यह आयोजन पार्टी के स्थानीय नेतृत्व और जनता के बीच संवाद को मजबूत करने के लिए किया गया।

**********

लखनऊ में आज ''भारत में पशु नस्लों का विकास'' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय पंचायती राज एवं मत्स्य पालन, पशुपालन तथा डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश में मिल्क प्रोड्यूसर को प्रोत्साहित करने संबंधित एक बड़े अभियान को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार के प्रति आभार जताया। उन्होंने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि वर्तमान में चौदह लाख से अधिक गोवंश की सरकार की गौशालाओं में या फिर सरकार द्वारा सहायता प्राप्त पशुपालकों के पास देखभाल की जा रही है।

**********

श्री गुरु तेग बहादुर के शहीदी दिवस के तीन सौ पचासवें वर्ष पर लखनऊ से दिल्ली के लिए आज विशेष संदेश यात्रा रवाना हुई। यह यात्रा लखनऊ के नाका हिंडोला स्थित श्री गुरु सिंह सभा से शुरू हुई है और दिल्ली के चांदनी चौक स्थित गुरुद्वारा श्री शीशगंज साहिब तक जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने पांच कालिदास मार्ग स्थित सरकारी आवास पर इस यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री आवास पर कीर्तन का भी आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि यह यात्रा गुरु तेग बहादुर के बलिदान को जीवंत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह आने वाली पीढ़ी के साथ ही वर्तमान पीढ़ी के लिए भी एक नई प्रेरणा है।

**********

पिछले माह झारखंड के नक्सली हमले में शहीद हुए सीआरपीएफ के सब इंस्पेक्टर सत्यवान सिंह सैंथवार की श्रद्धांजलि सभा आज कुशीनगर जिले के उनके पैतृक गांव रामपुर सोहरौना में आयोजित की गई। केन्द्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता तथा शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार चौधरी जयंत सिंह इसमें शामिल हुए। उन्होंने इस अवसर पर शहीद सत्यवान सिंह सैंथवार स्मृति द्वार का शिलान्यास भी किया। उन्होंने शहीद के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाने के बाद कहा कि उनका बलिदान हमेशा राष्ट्र भक्ति की प्रेरणा देता रहेगा।

**********

प्रसार भारती और हैंडबॉल एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिताओं के प्रसारण के लिए तीन वर्ष के समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं। इसके तहत सभी हैंडबॉल मैच डीडी स्पोर्ट्स, वेव्स ओटीटी और प्रसार भारती के अन्य प्लेटफॉर्म से प्रसारित किए जाएंगे। प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी और हैंडबॉल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के कार्यकारी निदेशक आनन्देश्वर पांडेय ने कल समझौते का आदान–प्रदान किया। प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत सहगल भी इस अवसर पर मौजूद रहे।

**********